जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

मदाऊ, भांकरोटा, जयपुर – 302026

क्रमांकः–प.(1013–II)जरारासंविवि / नि.शै.प. / खेलकूद / 24 /   दिनांक : 28/11/2024

प्राचार्य

समस्त सम्बद्ध शास्त्री / आचार्य / शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय,जरारासंविवि, जयपुर।

विषय – अन्तर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता सत्र 2024–25 बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सत्र 2024–25में ज. रा. राज. संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर की अन्तर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियागिता का आयोजन निम्नानुसार किया जाना है –

क्र.सं.	संवर्ग	खेल का नाम	आयोजन स्थल	अवधि
1	पुरूष (प्रथम चरण)	शूटिंग (10 मी. पिस्टल व रॉईफल)	राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय महापुरा, जयपुर।	12–13 दिसम्बर 2024
2	द्वितीय चरण	योग(पुरुष एवं महिला)	योग विभाग, जरारासविवि, जयपुर	16 दिसम्बर, 2024
3	पुरूष (तृतीय चरण)	वालीबॉल,खौ–खौ, एथलेटिक्स कबड्डी, बैडमिटन, फुटबाल, कुश्ती,	सेठ सूरजमल तापडिया संस्कृत महाविद्यालय, जसवन्तगढ़	03–08 दिसम्बर 2024
4	पुरूष (चतुर्थ चरण)	क्रिकेट, रग्बी	प्रस्तावाधिन	प्रस्तावाधिन
5	महिला वर्ग	समस्त प्रतियोगिताएं	प्रस्तावाधिन	प्रस्तावाधिन

प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु प्रत्येक महाविद्यालय से **खेल शुल्क रु. 5000 / –**निर्धारित है, जिसका डीडी / चालान **"कुलसचिव, ज. रा. राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर"** के नाम से देय **दिनांक 30.11.2024 तक** विश्वविद्यालय में आवश्यक रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। शुल्क चालान / डीडी की छायाप्रति प्रतियोगिता केन्द्र पर अपने दल के साथ अवश्य भिजवाये, शुल्क जमा रसीद के अभाव में दल को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जा सकेगा। शिक्षाशास्त्री महाविद्यालयों का खेल शुल्क पीएसएसटी मद से सीधा जमा कर लिया जाएगा। अतः शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय खेल शुल्क का डी.डी. विश्वविद्यालय को नहीं भेजें।

क्रीड़ा प्रतियोगिताएं शिक्षा का अभिन्न अंग है तथा इन प्रतियोगिताओं से छात्रों के शारीरिक एवं मानसिक विकास की वृद्धि होती है। अतः सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य एवं आवश्यक है। आयोजित होने वाली क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के लिए आपके महाविद्यालय की टीम का चयन कर टीम को प्रतियोगिता प्रारम्भ होने के एक दिन पूर्व सायं 5.00 बजे तक आयोजन स्थल पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करावे, ड्रा उसी दिन सायं 7.00 बजे डाला जाएगा।

क्रीड़ा प्रतियोगिताएं विश्वविद्यालय खेल बोर्ड द्वारा पूर्व प्रसारित एवं अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ दिल्ली के खेल नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी, शेष पात्रता नियम पूर्ववत् रहेगें। खिलाड़ी छात्र के नवीनतम वर्ष के परिचय पत्र की सभी प्रविष्टियां आवश्यक रूप से पूर्ण होनी चाहिए। एलीजिबिलिटी प्रारूप के साथ प्रत्येक खिलाडी की कक्षा 10, 12, स्नातक वपिछले वर्ष की उत्तीर्ण परीक्षा की अंकतालिका की प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न कर प्रेषित करें। वही छात्र / छात्रा प्रतियोगिता में भाग ले सकेगा जो सम्बन्धित शैक्षणिक सत्र की प्रथम जुलाई को 17 वर्ष से 25 वर्ष के मध्य में आयुवर्ग में होगा।

विशेष – आपके महाविद्यालय में क्रिकेट, रग्बी क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजन हेतु अपना प्रस्ताव दिनांक 30.11.2024 तक डाक या खेल प्रभारी डॉ. शशि कुमार शर्मा(विभागाध्यक्ष व्याकरण विभाग– 9828322255) को सूचित करें ताकि क्रिकेट क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन सूनिश्चित किया जा सके।

कुलसचिव

क्रमांकः–प.(1013–II)जरारासंविवि / नि.शै.प. / 24 / 3972   दिनांक :

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1. प्रभारी वेबसाइट, जरारासंविवि, जयपुर को भेजकर प्रेषित है कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करावें

कुलसचिव